सितंबर 2020 में एलीमेंट्री स्कूल फिर से खुलने पर क्या उम्मीद करनी चाहिए

किंडरगार्टन से ग्रेड 8 तक

कोविड-19 महामारी द्वारा पेश की गई चुनौतियों के बावजूद, एक साथ सीखने के एक और स्कूल वर्ष के लिए हम आपके बच्चे का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। स्कूल में एक सुरक्षित वापसी के लिए तैयारी करने में आपकी मदद करने के लिए, यहां 2020-21 स्कूल वर्ष के लिए हमारे रीओपनिंग प्लानों का अवलोकन किया गया है।

अधिक जानकारी www.peelschools.org/reopening पर उपलब्ध है

सोमवार से शुक्रवार तक, पूरे समय के लिए स्कूल वापस लौटें

एलीमेंट्री छात्रों के पास पूरे समय के लिए स्कूल लौटने और स्कूल में इन-परसन उपस्थित होने का विकल्प है, प्रति सप्ताह पांच दिन। छात्र लंच और रिसैस के समेत अन्य छात्रों के साथ बातचीत को सीमित करने के लिए एक निर्दिष्ट समूह (एक गुट (cohort) के रूप में जाना जाता है) में रहेंगे।

एक अन्य विकल्प: *पीडीएसबी ऑनलाइन स्कूल* के माध्यम से घर पर पढ़ें

2020-21 स्कूल वर्ष के लिए इन-परसन रूप से स्कूल में उपस्थित होना स्वैच्छिक है। यदि परिवार इन-परसन लर्निंग के लिए अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजने का विकल्प चुनते हैं, तो वे घर से *केवल डिस्टैंस लर्निंग* के माध्यम से पढ़ सकते हैं। इन छात्रों को हमारे नए *पीडीएसबी ऑनलाइन स्कूल* में भरती किया जाएगा। *पीडीएसबी ऑनलाइन स्कूल* पूरे ओंटैरियो पाठ्यक्रम को लाइव, ऑनलाइन अनुभवों और फलो-अप गतिविधियों के माध्यम से प्रस्तुत करेगा जिन पर छात्र घर से काम करते हैं। यह निर्देश पील बोर्ड के शिक्षकों द्वारा दिया जाएगा, लेकिन जरूरी नहीं कि आपके बच्चे के स्कूल के एक शिक्षक द्वारा।

यदि आप इस लर्निंग मॉडल में दाखिला लेते हैं और आपको टेक्नोलोजी तक पहुंच के साथ समर्थन की आवश्यकता है, तो कृपया अपने स्कूल से सीधे संपर्क करें।

लर्निंग के मॉडलों (अद्यतन) के बीच स्विच करना

पूरे स्कूल वर्ष के दौरान एलीमेंट्री छात्र प्रमुख तिथियों को **डिस्टैंस लर्निंग से इन-परसन लर्निंग** पर स्विच कर सकते हैं। परिवारों को 10 सितंबर, 2020 दोपहर 3 बजे तक अपने प्रिंसीपल को सूचित करना होगा। हम नवंबर के मध्य में लर्निंग के मॉडलों को बदलने के लिए एक और अवसर की उम्मीद करते हैं।

डिस्टैंस लर्निंग का चयन करने वाले एलीमेंट्री छात्रों को हमारे *पीडीएसबी ऑनलाइन स्कूल* में नामांकित किया जाएगा, जहां उन्हें पील बोर्ड के शिक्षक द्वारा ऑनलाइन पढ़ाया जाएगा। हो सकता है कि यह शिक्षक आपके बच्चे के वास्तविक स्कूल का शिक्षक ना हो।

मुख्य एन्ट्री की समय सीमा बीतने के बाद, छात्र अगला मुख्य एन्ट्री समय आने तक *पीडीएसबी ऑनलाइन स्कूल* में बने रहेंगे। इस अवस्थांतर के साथ परिवारों की सहायता के लिए एक प्रक्रिया विकसित की जाएगी।

परिवारों के पास पूरे स्कूल वर्ष में अपने बच्चे (बच्चों) को **इन-परसन लर्निंग से डिस्टैंस लर्निंग** में अवस्थांतर करने का विकल्प होगा। डिस्टैंस लर्निंग में अवस्थांतर के लिए स्कूल कम से कम विघटनकारी समय निर्धारित करने के लिए परिवारों के साथ काम करेंगे। चूंकि यह परिवर्तन एक अलग शिक्षक की तरफ एक कदम होगा, इसलिए छात्रों को निरंतर लर्निंग का अनुभव प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

बढ़े हुए स्वास्थ्य और सुरक्षा उपाय

स्क्रीनिंग और घर पर कब रहना है

एक सुरक्षित स्कूल सही अटैंडेंस रिकॉर्ड की तुलना में हमेशा अधिक महत्वपूर्ण होता है।

बस स्टॉप और स्कूल पहुंचने से पहले परिवारों को अपने बच्चों की दैनिक स्क्रीनिंग करने के लिए इस चेकलिस्ट का उपयोग करना चाहिए। यदि आपका बच्चा कोई भी लक्षण महसूस कर रहा है, तो कृपया उन्हें घर पर रखें और आवश्यकतानुसार चिकित्सीय तवज्जो प्राप्त करें। यदि छात्र स्कूल में होते हुए कोविड-19 लक्षण दर्शाते हैं, तो वे घर जाने के लिए पिक किए जाने के लिए प्रतीक्षा करने के लिए एक विशिष्ट अलगाव कक्ष में जाएंगे। चेकलिस्ट देखें:https://covid-19.ontario.ca/self-assessment/

मास्क और/या फेस कवरिंग पहनें

जैसा कि शिक्षा मंत्रालय द्वारा अनिवार्य किया गया है, बोर्ड द्वारा मुहैया किए गए परिवहन (जैसे, बसें) और स्कूल के अंदर (जैसे, कक्षा के दौरान और हॉलवेज़ में), ग्रेड 1 से 12 के छात्रों को मास्क और/या फेस कवरिंग का उपयोग करना आवश्यक है। किंडरगार्टन छात्रों को मास्क पहनने के लिए दृढ़ता से प्रोत्साहित किया जाता है, लेकिन ज़रूरी नहीं है। उचित अपवाद लागू होंगे। यदि आपको चिंताएं हैं, तो कृपया अपने स्कूल के प्रिंसीपल से बात करें।

ओंटैरियो सरकार के इन दिशा-निर्देशों की एक साथ समीक्षा करके अपने बच्चे को मास्क पहनने की आदत डालने में मदद करें।

हाथ की स्वच्छता का अभ्यास करें

हैंड सैनिटाइज़र स्कूल के प्रवेश और हर कक्षा में उपलब्ध होगा। छात्रों और कर्मचारियों को इमारत और कक्षा में प्रवेश करते समय, खाने से पहले और बाद में, वॉशरूम का उपयोग करने के बाद, और दिन भर में अन्य समय पर हाथ सैनीटाईज़ करने के लिए निर्देशित किया जाएगा। सभी क्लासों की नियत वॉशरूम और हाथ धोने के ब्रेकें होंगी।

दूसरों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें

छात्रों और अन्य क्लासों के बीच अधिक से अधिक दूरी को प्रोत्साहित करने के लिए नई स्कूल दिनचर्या लागू होगी। इसमें एक दिशा वाले हॉलवे, गुटबंदी, संशोधित ड्रॉप-ऑफ/पिक-अप रूटीन, बंद साझा स्थान (जैसे लाइब्रेरी, ऑडिटोरियम, कैफेटेरिया, और चेंजरूम), सीटिंग असाइनमेंट, पूरे स्कूल में क्लास की गतिविधि का समन्वय और अधिक शामिल हैं। दूसरों के साथ संपर्क सीमित करने के लिए, छात्र स्वास्थ्य और शारीरिक शिक्षा के अपवाद के साथ, सभी विषयों के लिए अपनी क्लास में रहेंगे।

उन्नत सफाई और कीटाणुशोधन दिनचर्या

सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसियों और शिक्षा मंत्रालय के मार्गदर्शन के आधार पर, स्कूल दिनचर्या के सभी पहलुओं में नए संवर्धित स्वास्थ्य और सुरक्षा उपाय जोड़े गए हैं। सफाई कर्मचारी पूरे स्कूल में दैनिक सफाई और कीटाणुरहित करने के लिए अस्पताल-ग्रेड कीटाणुनाशकों का उपयोग करेंगे, जिसमें अकसर छूई जाने वाली सतहें शामिल हैं। उपयोग से पहले और बाद में अलग-अलग गुटों द्वारा साझा किए गए रिक्त स्थान को साफ और कीटाणुरहित किया जाएगा।

नए बस रूटीन

स्कूल बस में, छात्रों को एक ही क्लास के गुटों और एक घर से भाई-बहनों के आधार पर सीटें सौंपी जाएंगी। यात्राओं के बीच अकसर छूई जाने वाली सतहों को चालक द्वारा साफ किया जाएगा। ग्रेड 1 से 12 के छात्रों के लिए मास्क और/या फेस कवरिंग ज़रूरी हैं और मैडिकल अपवादों के साथ, किंडरगार्टन के छात्रों को इस के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। यदि आपका बच्चा बोर्ड-प्रदत्त ट्रांसपोरटेशन का उपयोग नहीं कर रहा है, तो कृपया इस स्टूडेंट ट्रांसपोरटेशन ऑफ पील रीजन ऑप्ट-आउट फॉर्म को पूरा करें।

विशेष शिक्षा

विशेष शिक्षा क्लासों में एलीमेंट्री छात्र हर दिन स्कूल में उपस्थित होंगे। व्यक्तिगत शिक्षा योजनाएं उन छात्रों के लिए समर्थित रहना जारी रहेंगी, जो इन-परसन और घर पर पढ़ रहे हैं। विशेष शिक्षा क्लासों में छात्रों से संबंधित हमारी योजनाएँ देखें।

बाल देखभाल दिनचर्याएँ

स्कूल से पहले और बाद के कार्यक्रम, नए स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रोटोकॉलों के साथ जारी रहेंगे। अधिक जानकारी के लिए अपने प्रदाताओं से संपर्क करें।

मानसिक स्वास्थ्य और समुदाय के समर्थन

इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान, पील बोर्ड के पास छात्रों और परिवारों के लिए मानसिक स्वास्थ्य और कल्याणकारी समर्थन और संसाधन उपलब्ध हैं, साथ ही मानसिक स्वास्थ्य, भोजन, वित्तीय और आश्रय की जरूरतों के लिए समुदाय की एक व्यापक सूची उपलब्ध है।

अप-टू-डेट रहें

2020-21 के लिए बोर्ड की रीओपनिंग योजनाओं के बारे में अधिक जानने के लिए, www.peelschools.org/reopening पर जाएँ। नई जानकारी उपलब्ध होते ही इस वेबपेज को अपडेट कर दिया जाएगा।

परिभाषाएं:

गुट: गुटबंदी (cohorting) कई शिक्षकों या कई तरह के सहपाठियों से सिमित एक्सपोज़र के साथ, स्कूल के पूरे दिन छात्रों को एक छोटे समूह में एक साथ रखने का अभ्यास है। यह अभ्यास अन्य छात्रों की संख्या को सीमित करता है जो एक एकल छात्र के संपर्क में हैं।

डिस्टैंस लर्निंग: डिस्टैंस लर्निंग में नामांकित छात्र पील बोर्ड के शिक्षक द्वारा दिए गए ऑनलाइन निर्देश के माध्यम से घर पर पढ़ेंगे। इसमें लाइव, रीयल-टाइम लर्निंग के साथ-साथ फलो-अप गतिविधियों का मिश्रण शामिल होगा जो वे घर पर काम करेंगे।

क्वाडमैस्टर: सैकंडरी स्कूल वर्ष को चार समय अवधियों में विभाजित किया जाएगा जिसे क्वाडमैस्टर कहा जाता है। प्रत्येक क्वाडमैस्टर लगभग 10 सप्ताह लंबा होता है। प्रत्येक छात्र क्वाडमैस्टर में दो पाठ्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करेगा।